BRAMPTON

Media Release

तुरंत रिलीज के लिए

# सिटी ऑफ ब्रैम्पटन नॉर्थ अमेरिका की क्रिकेट कैपिटल के तौर पर अपनी स्थिति मजबूत कर रही है

***स्पोर्ट्स टूरिज्म में निवेश करना और लोकल क्रिकेट सुविधाओं को बढ़ाना***

ब्रैम्पटन, ओनटैरियो (15 जून, 2023) – कल अपनी मीटिंग में, सिटी काउंसिल (City Council) ने ब्रैम्पटन के क्रिकेट इंफ्रास्ट्रक्चर में अतिरिक्त वृद्धियों को मंजूरी दी, यह लोकल स्पोर्ट्स की लगातार वृद्धि और "नॉर्थ अमेरिका की क्रिकेट कैपिटल" ("Cricket Capital of North America") बनने के सिटी के विजन की हिमायत करता है।

ब्रैम्पटन में क्रिकेट फैसिलिटीज के लिए नई मंजूर की गई वृद्धियों में शामिल हैं:

- एंड्रियु मैकेंडल्स पार्क (Andrew McCandless Park) में क्वालिटी स्वीट्स क्रिकेट पिच (Kwality Sweets Cricket Pitch) – पावर पहुंच वाले दो बढ़ाए गए छाया वाले स्ट्रक्चर और चार-लेन क्रिकेट बैटिंग केज की इंस्टॉलेशन;
- सेव मैक्स स्पोर्ट्स सेंटर (Save Max Sports Centre) – चार-लेन क्रिकेट बैटिंग केज की इंस्टॉलेशन;
- बैट्समैन पार्क ऑप्शन्स (Batsman Park Options) – कम्युनिटी के साथ सलाह करके और 2024 के बजट में विचार किए जाने के लिए, दो से चार छाया वाले शेल्टर सेल्स या छाया वाले स्ट्रक्चर शामिल किए जाने पर विचार करना;
- टेरामेंटो एंड इमेंसिपेशन पार्क्स ऑपरेशन्स (Teramoto & Emancipation Parks Options) – कम्युनिटी के साथ सलाह करके और 2024 के बजट में विचार किए जाने के लिए, प्रत्येक पार्क में दो छाया वाले शेल्टर सेल्स या छाया वाले स्ट्रक्चर शामिल किए जाने पर विचार करना;

इन निवेशों के अलावा, सिटी क्रिकेट बैटिंग केजिस के लिए एक लेन वितरण प्रबंधन सिस्टम विकसित करेगी और पार्क्स एंड रेक्रिएशन मास्टर प्लान (Parks and Recreation Master Plan) में जारी अपडेट के हिस्से के तौर पर लोकल क्रिकेट संगठनों से जुड़ना जारी रखेगी। यह ब्रैम्पटन में क्रिकेट की वृद्धि के लिए उचित हिमायत को सुनिश्चित करने में मदद करेगा।

क्रिकेट, कैनेडा में सबसे तेजी से बढ़ने वाले स्पोर्ट्स में से एक है और सिटी ऑफ ब्रैम्पटन, निवासियों को इस्तेमाल करने के लिए डाइनैमिक क्रिकेट सुविधाएं पेश करती है। ब्रैम्पटन के क्रिकेट खिलाड़ियों ने पिछले दशको में लोकल गैर-लाभ लीग्स में विकास किया है, जैसे ब्रैम्पटन क्रिकेट लीग (बी.सी.एल.) (Brampton Cricket League) (BCL) और ब्रैम्पटन एटोबीको डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट लीग (बी.ई.डी.सी.एल.) (Brampton Etobicoke District Cricket League) (BEDCL), जिन्होंने स्पोर्ट्स के लिए हिमायत और रुचि में वृद्धि की है। सिटी की सुविधाएं, 42 बेजोड़ सीजनल संगठनों, टूर्नामेंटों और व्यक्तियों की मेजबानी करती हैं, जो फील्ड टाइम के 14,000 से अधिक घंटे बुक करते हैं।

पिछले तीन वर्षों से, ब्रैम्पटन ने क्रिकेट सुविधाओं में 20 से अधिक वृदधियों में 2,000,000 डॉलर से अधिक का निवेश किया है और भविष्य के प्रोजेक्टों के लिए वितरित किए गए 7,000,000 डॉलरों से कम्युनिटी की जरूरत को लगातार प्राथमिकता दे रहा है।

अतिरिक्त विकासों में शामिल हैं, टर्नर फेन्टन सेकंडरी स्कूल, क्रेडिटव्यू सैंडलवुड पार्क (Turner Fenton Secondary School, Creditview Sandalwood Park) में एक पूरा रोशनी वाला क्रिकेट फील्ड और गोर मेडोड ईस्ट कम्युनिटी पार्क (Gore Meadows East Community Park) में तीन नए फील्ड।

**2023 ग्लोबल T20 कैनेडा टूर्नामेंट**

ग्लोबल T20 (Global T20) (GT20), एक वार्षिक क्रिकेट टूर्नामेंट है, जहां सबसे बड़े नॉर्थ अमेरिकी क्रिकेट खिलाड़ी और पूरी दुनिया के क्रिकेट की कुछ बड़ी हस्तियां शामिल होती हैं।

सिटी पूरे गर्व के साथ, 2023 GT20 क्रिकेट टूर्नामेंट (2023 GT20 Cricket Tournament) की प्रायोजक (स्पासंर) है, जो ब्रैम्पटन स्पोर्ट्स पार्क, सी.ए.ए. सेंटर स्पोर्ट्स एंड एंटरटेनमेंट कॉम्पलेक्स, 7575 कैनेडी रोड साउथ (Brampton Sports Park, CAA Centre Sports and Entertainment Complex, 7575 Kennedy Rd S.) में, 20 जुलाई से 6 अगस्त तक होगा। सिटी ने पहले 2019 में टूर्नामेंट के दूसरे सीजन की मेजबानी की थी, जिसने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय दर्शकों का ध्यान अपनी तरफ खींचा था।

GT20 टूर्नामेंट के बारे में अधिक जानकारी के लिए, कृपया www.gt20.ca पर जाएं।

मांग के मुताबिक लगातार आगे बढ़ने के साथ, सिटी सभी के लिए खेलने और आनंद लेने हेतु जगह बनाने के लिए, अधिक अवसर पैदा करने और पूरा वर्ष सुविधाओं को सर्दी के लिए तैयार करने की क्षमता सहित, अपने फील्डों को बढ़ा रही है।

अधिक जानकारी, www.brampton.ca/cricket पर प्राप्त करें।

**हवाले**

“क्रिकेट, नॉर्थ अमेरिका के सबसे तेजी से बढ़ने वाले और बहुत ज्यादा देखे जाने वाले खेल के तौर पर उभरा है और ब्रैम्पटन में यह काफी आगे बढ़ रहा है! हमें इस वर्ष ब्रैम्पटन में ग्लोबल T20 कैनेडा टूर्नामेंट का दुबारा स्वागत करते हुए बेहद खुशी हो रही है, जो एक बार फिर हमारे अपने लोकल कम्युनिटी संगठनों और प्रशंसकों को प्रेरणा देते हुए अंतर्राष्ट्रीय ध्यान खींचेगा। हम पहुंच और वृद्धियों में निवेश के महत्व को समझते हैं, विशेषतौर पर हमारे युवाओं के विकास के लिए, और हम यह वापसी देखना जारी रखेंगे क्योंकि स्पोर्ट्स, हमारी कम्युनिटी में लगातार एकजुट, बढ़ और सम्पन्न हो रही है।”
- *पैट्रिक ब्राउन (Patrick Brown), मेयर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

“सिटी ऑफ ब्रैम्पटन, क्रिकेट उपयोगकर्ताओं, साझेदारों, फैसिलिटीज और कार्यक्रमों के लिए विकासशील केंद्र है और हमें बेहद गर्व है कि हमारी लोकल कम्युनिटी खुद के लिए ग्लोबल तौर पर अपना नाम बना रही है। हमारे लोकल क्रिकेट इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाने में लगातार निवेश यह सुनिश्चित करेगा कि हम हमारी कम्युनिटी की मौजूदा जरूरतें पूरी कर रहे हैं और उन सुविधाओं तक पहुंच में भविष्य की प्रतिभा की सहायता कर रहे हैं, जिसकी उन्हें स्पोर्ट्स में बढ़ने के लिए जरूरत है।”
- *रोएना सैन्टोस (Rowena Santos), रीजनल काउंसलर, वार्ड्स 1 और 5; चेयर, कम्युनिटी सर्विसिज, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

-30-

**कैनेडा में सबसे अधिक तेजी से बढ़ने वाले शहरों में से एक के तौर पर, ब्रैम्पटन 70,000 लोगों और 90,000 से अधिक कारोबारियों का घर है।** हम जो भी करते हैं, लोगों को ध्यान में रखते हुए करते हैं। हम अपने विविध समुदायों से उत्साहित होते हैं, हम निवेश को आकर्षित करते हैं और हम तकनीक और वातावरण संबंधी नवीनता को आगे बढ़ाने के सफर पर हैं। हम एक ऐसा स्वस्थ शहर बनाने में प्रगति के लिए सहभागिता करते हैं, जो सुरक्षित, स्थिर व सफल हो। हमारे साथ Twitter, Facebook, और Instagram पर जुड़ें। www.brampton.ca पर और जानें।

**मीडिया संपर्क**
सिटी ऑफ ब्रैम्पटन मल्टीकल्चरल मीडिया
multiculturalmedia@brampton.ca